# इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का 8वाँ स्थापना दिवस

## चर्चा में क्यों?

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) ने 1 सितंबर 2025 को अपना **8वाँ स्थापना दिवस** मनाया और समावेशी तथा सुलभ **बैंकिंग सेवाएँ** अंतिम छोर तक पहुँचाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## मुख्य बिंदु

- **IPPB के बारे में:**
  - इसकी स्थापना वर्ष 2018 में डाक विभाग के अधीन एक सरकारी पहल के रूप में की गई थी।
  - इसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना और डिजिटल इंडिया अभियान को आगे बढ़ाना है।
- **क्षेत्र**
  - IPPB के पास 1.64 लाख से अधिक **डाकघर तथा 1.90 लाख डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक (GDS) कार्यरत हैं।**
  - यह 12 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करता है, अरबों डिजिटल लेन-देन संपन्न करता है तथा ग्रामीण, अर्द्ध-शहरी और दूरस्थ क्षेत्रों में घर-घर बैंकिंग उपलब्ध कराता है।
- **उद्देश्य**
  - प्रत्येक भारतीय को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना और आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह प्रशस्त करना।
  - **अंतिम छोर तक बैंकिंग सेवाएँ पहुँचाना** ताकि ग्रामीण एवं वंचित आबादी भी वित्तीय रूप से समावेशित हो सके
- **सेवाएँ:**
  - IPPB ने अपनी सेवाओं का विस्तार प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) वितरण, पेंशन भुगतान, ऋण सुविधा, **बीमा और निवेश** उत्पादों तक किया है, जो विभिन्न संस्थानों के सहयोग से उपलब्ध कराए जाते हैं।
  - नई सेवाओं में डिजी स्मार्ट डिजिटल सेविंग्स अकाउंट, प्रीमियम आरोग्य सेविंग्स अकाउंट, आधार-आधारित चेहरा प्रमाणीकरण, रूपे वर्चुअल डेबिट कार्ड, AePS सक्षम भुगतान, अंतर्राष्ट्रीय प्रेषण और भारत बिल-पे एकीकरण शामिल हैं, जिन्होंने ग्राहकों की सुविधा को तथा बढ़ाया है।

## पेमेंट्स बैंक

- **परिचय:**
  - पेमेंट्स बैंक एक विभेदित बैंक (Differentiated Bank) है, जो सीमित बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करता है।
  - डॉ. नचिकेत मोर समिति ने निम्न-आय वर्गों और छोटे व्यवसायों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये पेमेंट्स बैंक की स्थापना की सिफारिश की थी।
- **विशेषताएँ:**
  - यह केवल **बचत और चालू खातों में मांग जमा** स्वीकार कर सकता है, **सावधि जमा नहीं।**
  - प्रत्येक ग्राहक पेमेंट्स बैंक खाते में अधिकतम 2,00,000 रुपए की शेष राशि रख सकता है।
  - पेमेंट्स बैंक अनिवासी भारतीय **(Non-Resident Indian-**NRI**)** जमा स्वीकार नहीं कर सकते।
  - पेमेंट्स बैंक **गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवा गतिविधियाँ शुरू करने के लिये सहायक कंपनियाँ** स्थापित नहीं कर सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-post-payments-bank-8th-foundation-day